दिन– शनिवार | दिनांक– 10 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग नई दिल्ली में शुरू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को कार्यक्रम के समापन समारोह में होंगे शामिल।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – इस वर्ष राज्य में तीन नये मेडिकल कॉलेज अस्पतालों की होगी स्थापना।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा – राज्य में आपराधिक घटनाओं में आई है उल्लेखनीय कमी।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – कल से न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी। लोगों को ठंड से मिलेगी मामूली राहत।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अहम भूमिका है। श्री मांडविया नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग दो हजार छब्बीस के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह संवाद युवा नेतृत्व को प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, शासन, सतत और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों के समाधान के लिए प्रोत्साहित करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह डायलॉग दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचानने की एक प्रक्रिया है।

———बाइट———

ऐसे हमारे टेलेंटिड युवाओं को ऐडेंटिफाई करना, उसके लीडरशिप के संस्कार को नरचर करना और उसको लीडर बनाना दोस्तों विकसित भारत यंग लीडर डॉयलौग ये देश के यंग लीडर तैयार करने के प्रोसेस है। दोस्तों प्रोसेस का आप हिस्सा बने हैं इसलिए मैं आपको अभिनंदन देता हूं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने युवाओं से भविष्य में विकसित भारत का नेतृत्व करने के लिए निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का आह्वान किया।

———बाइट———

युवा को अपने रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे निर्णय और बड़े निर्णय करने और जैसे–जैसे आप बढ़ते जाएंगे छोटी सी बात से और बड़े–बड़े निर्णय आप लोगों को ही लेने। भारत तो विकसित होगा ही। भारत जिस गति और जिस रुफ्तार पर प्रधानमंत्री मोदी जी ले आए हैं ये एक ऑटो मोड में भी चलेगा और विकसित हो जाएगा।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के युवा एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में देश के युवाओं से जुड़ने की उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि देश की युवा शक्ति, असाधारण उत्साह और अद्वितीय जोश से प्रेरित होकर राष्ट्र के विकास और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री सोमवार को नई दिल्ली में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–दो हजार छब्बीस के समापन सत्र में भाग लेंगे।

————————————————————

गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हुये आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरा होने पर आज देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर देश के सभी शिवालयों में दीपोत्सव और ओंकार जप का आयोजन किया गया है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रंणवीर नंदन ने बताया कि बारह ज्योतिर्लिंगों में एक सोमनाथ की परम्परा का एक पवित्र अंश मधुबनी जिले के सौराठ स्थित सोमनाथ महादेव मंदिर में भी है। उन्होंने प्रदेश के सभी मठ, मंदिरों के प्रबंधकों से इस आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि इस वर्ष राज्य में तीन नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना की जाएगी। आज कटिार में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि तीन से चार नये निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भी इस साल खुलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में राज्य में अड़तालीस मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने का लक्ष्य है।

———बाइट———

————————————————————

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि बिहार में आपराधिक घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि हत्या की घटनाओं में वर्ष दो हजारपच्चीस में आठ दशमलव तीन प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। वहीं, दंगा के मामलों में इक्कीस दशमलव पांच, दुष्कर्म के मामले में आठ दशमलव दो, बैंक डकैती में अस्सी प्रतिशत और बैंक लूट में बासठ दशमलव पांच प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार चौबीस की तुलना में दो हजार पच्चीस में पचास हजार से अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी।

———बाइट———

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि साइबर अपराध नियंत्रण के लिए पटना में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि साइबर थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

———————————————————————————

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी योजना का प्रमुख उद्देश्य विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। आज पूर्णिया में पत्रकारों से बातचीत में श्री जायसवाल ने बताया कि नई योजना में काम के दिनों की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ पारिश्रमिक में भी बढ़ोतरी की गई है।

———बाइट———

———————————————————————————

कांग्रेस ने आज से प्रदेशभर में मनरेगा बचाओ अभियान की शुरूआत की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि आज सभी जिले के उपविकास आयुक्त कार्यालय के समक्ष पार्टी की ओर से संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कल जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय उपवास और बारह जनवरी से तीस जनवरी तक पंचायत स्तरीय चौपाल का आयोजन किया जाएगा। तीस जनवरी को धरना का आयोजन होगा। यह अभियान पच्चीस फरवरी तक चलेगा।

———————————————————————————

न्यूनतम और अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट आने से प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की

गिरावट आई है। चार दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

---बाइट---

इधर, आज राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दोपहर बाद धूप खिलने से लोगों को ठंड से मामूली राहत मिली।

---

कटिहार स्थित अल करीम विश्वविद्यालय का आज दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने छात्रों को उपाधि प्रदान की। उन्होंने कहा कि एक बेहतर और स्वस्थ समाज ही विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। समारोह को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने भी संबोधित किया।

---

जनता दल यूनाईटेड ने स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ राजनेता के.सी. त्यागी का कोई भी बयान आधिकारिक नहीं है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि श्री त्यागी के बयान उनके व्यक्तिगत बयान होते हैं और उसका पार्टी से कोई संबंध नहीं है।

---बाइट---

---

आकाशवाणी, पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा आज सामयिक चर्चा कार्यक्रम के तहत कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के साथ विशेष बातचीत का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को रात सात बजकर बावन मिनट से सुना जा सकता है।

---

सूचना मिल रही है कि नागमणि नामक व्यक्ति खुद को आकाशवाणी, पटना का संवाददाता बताकर सरकारी विभागों को गुमराह कर रहा है। पिछले दिनों इस व्यक्ति ने वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में खुद

को आकाशवाणी संवाददाता बताते हुए विभाग के सचिव आनंद किशोर से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया है। आकाशवाणी, पटना यह स्पष्ट करता है कि नागमणि नामक कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी से जुड़ा हुआ नहीं है।

———————————————————————

आज विश्व हिंदी दिवस है। विदेशों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस दिवस की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य कूटनीति, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान–प्रदान सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर हिन्दी भाषा के संवर्द्धन को लेकर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

———————————————————————

सहरसा में उद्यमी संवाद यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बियाडा के अधिकारियों ने उद्यमियों को उद्योग विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर जिले के उद्यमियों की समस्याओं की सुनवाई हुई और मामलों का निपटारा भी किया गया।

———————————————————————

आयकर विभाग की टीम ने पूर्वी चंपारण के रक्सौल में जाने–माने व्यापारी कलीम अहमद के ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर चोरी के मामले में यह छापेमारी की गयी है।

———————————————————————

सारण जिले के एकमा–मांझी मुख्य मार्ग पर कुहासे के कारण एक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में मोटरसाईकिल सवार दोनों युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————

बक्सर जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कंटेनर से भारी मात्रा में शराब के साथ चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

कैमूर जिले के जीटी रोड स्थित समेकित चेकपोस्ट के पास से उत्पाद विभाग की टीम ने एक वाहन से पचास लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————————————

मुंगेर जिले के पैसरा और आस–पास के दुर्गम इलाकों में सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान एके–सैंतालीस राईफल में इस्तेमाल कारतूस बरामद किये गये।

———————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग नई दिल्ली में शुरू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को कार्यक्रम के समापन समारोह में होंगे शामिल।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – इस वर्ष राज्य में तीन नये मेडिकल कॉलेज अस्पतालों की होगी स्थापना।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा – राज्य में आपराधिक घटनाओं में आई है उल्लेखनीय कमी।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – कल से न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी। लोगों को ठंड से मिलेगी मामूली राहत।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।